प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 07.11.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे वाराणसी : बनारस रेलवे स्टेशन से कल लखनऊ–सहारनपुर समेत चार नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को दिखाएंगे हरी झंडी।
2. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव भी होंगे कार्यक्रम में शामिल : वाराणसी में सुरक्षा के व्यापक प्रबंध।
3. प्रधानमंत्री ने राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में वर्ष भर तक चलने वाले स्मरण उत्सव का किया उद्घाटन : मुख्यमंत्री ने लखनऊ में कहा– भारत की आजादी का अमर मंत्र बन गया था वंदे मातरम। और
4. भारतीय हॉकी के 100 वर्ष पूर होने के अवसर पर प्रदेश के कई जनपदों में विभिन्न कार्यक्रमों का हुआ आयोजन : उत्तर प्रदेश हॉकी ने मनाया शताब्दी वर्ष का उत्सव।

——————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज शाम दो दिवसीय दौरे पर वाराणसी पहुंच गए हैं। वह एयरपोर्ट से सड़क मार्ग से बरेका गेस्ट हाउस गए। रास्त में काशीवासियों ने जगह–जगह उनका अभिवादन किया। बरेका पहुंचने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री का स्वागत किया।

प्रधानमंत्री कल बनारस रेलवे स्टेशन से चार नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएंगे। भारत की आधुनिक रेल अवसंरचना के विस्तार की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम होगा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। इस दौरान कार्यक्रम में रेल एवं सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी उपस्थित रहेंगे। पेश है एक रिपोर्ट.....

*प्रधानमंत्री कल बनारस–खजुराहो वंदेभारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इसके अलावा वह लखनऊ–सहारनपुर, फिरोजपुर–दिल्ली और एर्नाकुलम–बेंगलुरु वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन करेंगे। बनारस–खजुराहो वंदे भारत एक्सप्रेस इस रूट पर सीधी कनेक्टिविटी प्रदान करेगी और मौजूदा समय में चल रही विशेष ट्रेनों की तुलना में लगभग 2 घंटे 40 मिनट की बचत करेगी। यह वंदे भारत एक्सप्रेस देश के सबसे प्रतिष्ठित धार्मिक और सांस्कृतिक स्थानों जैसे वाराणसी, प्रयागराज, चित्रकूट और खजुराहो को जोड़ेगी। वहीं, लखनऊ–सहारनपुर वंदे भारत एक्सप्रेस लगभग 7 घंटे 45 मिनट में यात्रा पूरी करेगी, जिससे यात्रा समय में लगभग 1 घंटे की बचत होगी। इस ट्रेन से लखनऊ, सीतापुर, शाहजहांपुर, बरेली, मुरादाबाद, बिजनौर और सहारनपुर के यात्रियों को फायदा पहुंचेगा। मनीष सिंह के साथ प्रेम चन्द्र गुप्ता, आकाशवाणी समाचार वाराणसी।*

प्रधानमंत्री की मौजूदगी को देखते हुए वाराणसी में सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं।

———————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी न आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के डेढ सौ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में एक वर्ष तक चलने वाले स्मरण उत्सव का उद्घाटन किया।

प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर एक स्मारक डाक टिकट और सिक्का भी जारी किया। उन्होंने vandemataram150.in पोर्टल भी जारी किया। समारोह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि वंदे मातरम एक मंत्र, एक ऊर्जा, एक सपना और एक संकल्प है। बाइट.....

*वंदे मातरम का मूल भाव है। भारत मांभारती भारत की शाश्वत संकल्पना वह संकल्पना जिसने मानवता के प्रथम पहर से खुद कोगढना शुरू कर दिया जिसने युगों–युगोंको एक–एक अध्याय के रूप में पढ़ा शून्य से शिखर तक उनकी यात्राओर शिखर से पुनः शून्य में उनका विलय भारत ने यह सब कुछ देखा है।*

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लखनऊ से वर्चुअली इस कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर श्री योगी ने कहा कि वन्दे मातरम् भारत की आजादी का अमर मंत्र बन गया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस गीत ने लोगों को मातृभूमि की भावना से जोड़ा और भारत के शाश्वत सार को प्रतिबिंबित किया। बाइट......

*राष्ट्र प्रथम के साथ हम सबकी यह सामूहिक अभिव्यक्ति इस राष्ट्र माता के प्रति हो या भाव भी हर भारतीय के मन में इस गीत ने रचने का प्रयास किया और हम सब आभारी हैं जो प्रधानमंत्री मोदी जी ने इसके बारे में हर भारतवासी के लिए कहा कि यह भारत की भक्ति और शक्ति के सामूहिक शाश्वत अभिव्यक्ति का एक स्वरूप है, वंदेमातरम।*

——————————

वन्दे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रदेश भर में सामूहिक वंदेमातरम गायन और विभिन्न

कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। बरेली में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा शामिल हुए। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री ने उपस्थित लोगों को स्वदेशी उत्पाद अपनाने और स्थानीय उद्योग को बढ़ावा देने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम हजारों स्वतंत्रता सनानियों के लिए प्रेरणा का स्रोत था। बाइट.....

*वंदे मातरम हमेशा से गाया जाता रहा है और वंदे मातरम जो फुलम शब्द आता है तो कहीं ना कहीं अंदर से देशभक्ति की ऊर्जा पैदा होती है और वंदे मातरम वही गीत है जिसको गाते हुए कहते हुए इस देश को आजाद कराने के लिए न जाने कितने क्रांतिकारी फंदी एम फांसी के फंदे पर झूल करके अपने प्राणों को निछावर कर दिए।*

आगरा में प्रदेश के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह सामूहिक वंदेमातरम गायन कार्यक्रम में शामिल हुए। अयोध्या, प्रयागराज, मथुरा, गोरखपुर में भी वंदे मातरम गायन क कार्यक्रम आयोजित किये गये।

——————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

सर्वोच्च न्यायालय ने आवारा कुत्तों के बढ़ते खतरे से सार्वजनिक स्थानों को सुरक्षित रखने और राजमार्गों से आवारा मवेशियों और अन्य पशुओं को हटाने के लिए आज कई दिशा–निर्देश जारी किए। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति संदीप मेहता और न्यायमूर्ति एन.वी अंजारिया की पीठने देश में आवारा कुत्तों के प्रबंधन से जुड़े स्वतः संज्ञान मामले की सुनवाई में हर शैक्षिक संस्थान, अस्पताल, सार्वजनिक खेल परिसर, बस स्टैंड और रेलवे स्टेशनों पर आवारा कुत्तों के प्रवेश को रोकने के लिए उपयुक्त तरीके से बाड़ लगाने के निर्देश दिए हैं।

शीर्ष न्यायालय ने कहा कि सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिव इसका कड़ाई से पालन सुनिश्चित करवाएं।

——————————

खेल मंत्री डॉ. मनसुख माडविया ने हॉकी के भारत के गौरवशाली इतिहास और वैश्विक मंच पर उसके प्रभुत्व का स्मरण किया है। भारतीय हॉकी के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आज नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. मांडविया ने हॉकी खिलाड़ियों के खेल कौशल की प्रशंसा की। हॉकी के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में प्रदेश के कई जनपदों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। उत्तर प्रदेश हॉकी ने इस अवसर पर

शताब्दी वर्ष का उत्सव मनाया। कुशीनगर में हॉकी इंडिया के तत्वावधान में मैत्री मैच का आयोजन हुआ। लखनऊ के रहने वाले पूर्व हॉकी ओलंपियन सैय्यद अली ने आकाशवाणी समाचार से बातचीत में अपनो हॉकी से जुड़ी स्मृतियों को साझा किया। बाइट.....

*यह हमारे लिए और हॉकी खिलाड़ियों की बहुत ही खुशी की बात है कि हम लोग यह 100 एज मना रहे हैं हॉकी के और हम 8–9 साल ही 100 साल में हम भारतीय टीम का एक हिस्सा रहे हैं। इसका भी हमें गर्व है।*

————————

नरेन्द्र मोदी सरकार ने 22 सितंबर को बचत उत्सव शुरू किया था, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में जीएसटी दरों में कमी से देशभर के नागरिकों को लाभ हुआ है। इस कड़ी में आज हमारे संवाददाता बता रहे हैं कि पर्यटन क्षेत्र में जीएसटी सुधारों से नागरिकों को किस तरह लाभ हो रहा है।.....

*नए जीएसटी सुधारों के तहत टैक्स कटौती से पर्यटन क्षेत्र को काफ़ी राहत मिली है। सात हजार पांच सौ रूपये प्रति रात्रि से कम किराए वाले होटलों में ठहरने पर जीएसटी 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है, जिससे आवास अधिक सुलभ हो गए हैं। करों की दर में इस कमी से मध्यम वर्ग और बजट यात्रियों के लिए होटल सस्ते हो गए हैं तथा अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों के लिए भारत के प्रति आकर्षण को बढ़ावा मिल रहा है। होटल और होम स्टे में भी निवेश प्रोत्साहित हुआ है, रोज़गार सृजन हुआ है, और स्थानीय बुनियादी ढांचों में सुधार आ रहा है। दूसरी ओर, दस से अधिक व्यक्तियों की बैठने की क्षमता वाले बसों पर भी टैक्स घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया गया है, जिससे सार्वजनिक परिवहन लागत में कमी आई है। जीएसटी सुधार भारत के पर्यटन और सांस्कृतिक क्षेत्र को बढ़ावा देने के*

*लिए सरकार द्वारा एक रणनीतिक पहल है। रिशू जायसवाल के साथ आदर्श, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।*

———————————

**उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने पर्यटन नीति–2022 के अंतर्गत व्यक्तियों, संस्थाओं और उद्यमियों को प्रदेशभर में वेलनेस सेंटर स्थापित करने के लिए आमंत्रित किया है। प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य योग, प्राकृतिक चिकित्सा और पारंपरिक भारतीय उपचार पद्धतियों के माध्यम से आध्यात्म और पर्यटन को एक सूत्र में बांधना है।**

**(समाप्त)**